एक नजर में

एलीट एकेडमी में रंगोली प्रतियोगिता आयोजित



धौरहरा खीरी। ऐलीट एकेडमीसीनियर सेकेंडरी स्कूल कलुआपुर में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। अधिकांश छात्र - छात्राओ ने प्रतिभाग किया। रंगोली बनाने वाले छात्रों का विद्यालय की प्रबंधिका रिम्पी सेठी हुसैन व प्रबंधक अफजल हुसैन ने उत्साहवर्धन किया और आगामी वाले त्योहारों धनतेरस, दीपावली, गोवर्धन पूजा, और भाईदूज की सभी को बधाई दी। प्रत्येक हाउस की इंचार्ज जैसे बेसन हाऊस इंचार्ज ऊषाराज, सेज हाउस इंचार्ज मीतू गुप्ता,टैन्किवल हाऊस इंचार्ज अर्चना चौरसिया, डाइट हाउस इंचार्ज शिवांगी पांडे, ने रंगोली बनाने में सहयोग किया तथा बेसन हाउस की विजेता छात्राओं में सुखमनदीप कौर,श्रेयांशी निगम, राशि मौर्या, देवांशी मौर्या, तथा सेज हाउस की विजेता छात्राओं में , रंजीत सिंह,मो0,उवेश, विशाल, मुदस्सर व तेजस यादव रहे। सभी को छात्र-छात्राओं को विद्यालय की प्रबंधिका रिम्पी हुसैन सेठी ने पुरुस्कृत कर बधाई दी। रंगोली प्रतियोगिता में विद्यालय के डायरेक्टर फैयाज अहमद, प्रधानाचार्य संजय गुप्ता, उप प्रधानाचार्य अजय यादव,आदि विद्यालय के सभी शिक्षक व स्टाफउपस्थित रहा।

उज्जवला लाभार्थियों को दिवाली पर मिला प्रतीकात्मक चेक

लखीमपुर खीरी। महिलाओं की दिवाली रोशन करने के उद्देश्य से प्रदेश सरकार ने प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत ?1,500 करोड़ की धनराशि से उत्तर प्रदेश के 1.89 करोड़ प्लस पात्र परिवारों को गैस सिलेंडर रिफिल सब्सिडी की सौगात दी। जिला मुख्यालय पर आयोजित भव्य समारोह में लखनऊ कार्यक्रम की लाइव स्ट्रीमिंग हुई, जिसमें सीएम योगी आदित्यनाथ के उद्बोधन को देखा व सुना गया। कार्यक्रम का सफल संयोजन, संचालन डीएसओ सीमा त्रिपाठी ने किया। जनपदीय कार्यक्रम का शुभारंभ डीएम अंजनी कुमार सिंह ने सीडीओ योगानंद पांडे, डीएसओ सीमा त्रिपाठी संग दीप प्रज्वलित कर किया। डीएम ने उज्जवला लाभार्थियों को प्रतीकात्मक चेक का वितरण किया। डीएम अंजनी कुमार सिंह ने बड़ी संख्या में मौजूद उज्जवला योजना की लाभार्थियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार का प्रयास है कि दीपावली और होली जैसे पर्वों की खुशियां समाज के हर वर्ग तक समान रूप से पहुंचें और कोई भी परिवार त्योहार की खुशियों से वंचित न रहे। सरकार की मंशा है कि हर घर में दीप जले, अच्छे पकवान बनें और सभी लोग उल्लास एवं उत्साह के साथ त्योहार मना सकें। इसी भावना के तहत दीपावली के अवसर पर पात्र परिवारों को निःशुल्क गैस सिलेंडर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। साथ ही, जिन पात्र परिवारों के पास अभी तक गैस कनेक्शन नहीं है, उन्हें भी गैस कनेक्शन प्रदान किए गए हैं, ताकि हर घर में त्योहार की खुशियां पहुंच सकें। उन्होंने दीपावली के साथ ही आगामी छठ पूजा एवं भैया दूज पर्व की भी अग्रिम शुभकामनाएं दीं।

जल निगम ग्रामीण ने पेयजल समस्या का लिया त्वरित संज्ञान, लीकेज कराए ठीक



लखीमपुर खीरी। खीरी के बांकेगंज विकासखंड के बाबरपुर चौरिया गांव में पेयजल आपूर्ति से जुड़ी समस्या का संज्ञान लेते हुए जल निगम ग्रामीण ने तत्काल कार्रवाई की है। विभागीय निरीक्षण के दौरान पेयजल योजना में तीन लीकेज पाए गए, जिनमें से दो की मरम्मत करा दी गई। शेष एक लीकेज को भी जल्द ठीक कराने के निर्देश दिए गए हैं। निरीक्षण में पाया गया कि बाबरपुर चौरिया गांव के चार मजरों में से दो में जलापूर्ति हो रही है, जबकि शेष दो मजरों में पानी के दबाव की समस्या के कारण आंशिक रूप से आपूर्ति हो पा रही है। विभाग की ओर से समस्या के समाधान के लिए आवश्यक कार्रवाई की जा रही है, ताकि सभी मजरों में पेयजल आपूर्ति को बेहतर बनाया जा सके। इस संदर्भ में अधिशासी अभियंता जल निगम ग्रामीण मनोज कुमार मौर्य ने बताया कि विभाग की प्राथमिकता ग्रामीण क्षेत्रों में प्रत्येक परिवार तक स्वच्छ पेयजल की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित करना है। जहां भी जलापूर्ति से संबंधित समस्याएं सामने आती हैं, उनका तत्काल संज्ञान लेकर समाधान के प्रयास किए जाते हैं। बाबरपुर चौरिया में पाए गए लीकेज में से दो को ठीक करा दिया गया है और शेष लीकेज की मरम्मत भी जल्द पूरी कराई जाएगी। विभाग का प्रयास है कि ग्रामीणों को सुचारु रूप से पेयजल उपलब्ध हो और उन्हें किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े।

बायो फ्यूल कंपनी में मजदूर की संदिग्ध हालात में मौत

पुरवा, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के टोपरा-कोदइयाखेड़ा के बीच स्थित निर्माणाधीन बायो फ्यूल कंपनी में मंगलवार सुबह 21 वर्षीय मजदूर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। कमरे में अचेत मिले मजदूर को साथी सीएचसी लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।देवरिया जिले के श्रीरामपुर थाना क्षेत्र के सरवन गांव निवासी पंकज (21) पुत्र परमानंद कुशवाहा करीब छह माह पहले अपने चचेरे मामा हीरामन कुमार के साथ मजदूरी करने आया था। हीरामन निर्माणाधीन कंपनी में ठेकेदारी करते हैं। मंगलवार सुबह पंकज काम पर नहीं पहुंचा तो साथी मजदूरों ने उसकी तलाश शुरू की। इस दौरान वह कमरे में अचेत अवस्था में पड़ा मिला। मामा और अन्य मजदूर उसे निजी वाहन से सीएचसी ले गए, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर मां गुलजारी देवी, भाई आदित्य और बहन ज्योति व प्रीति समेत परिजनों में कोहराम मच गया। दरोगा विनोद सिंह ने पंचायतनामा भरकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। कोतवाल भवन सिंह मौर्य ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

अज्ञात वाहन की टक्कर से बीयर फैक्ट्री कर्मी की मौत

मगरवारा, उन्नाव। अकरमपुर स्थित बीयर फैक्ट्री से ड्यूटी कर बाइक से घर लौट रहे श्रमिक की करोवन मोड़ के पास सड़क हादसे में मौत हो गई। तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में पीछे से टक्कर मार दी। हादसे के बाद चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया।

गर्भवती पत्नी और तीन साल के बेटे के सिर से पिता का साया उठने से परिवार में कोहराम मच गया।सदर कोतवाली क्षेत्र के सिकंदरपुर निवासी राहुल यादव (26) पुत्र स्व. देवतार यादव अकरमपुर स्थित बीयर फैक्ट्री में नौकरी करता था। सोमवार देर शाम ड्यूटी खत्म कर वह बाइक से घर लौट रहा था। करोवन मोड़ के पास अज्ञात वाहन ने पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

राहगीरों ने आधार कार्ड से उसकी पहचान कर परिजनों को सूचना दी और एंबुलेंस से जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। राहुल की पत्नी मालती गर्भवती है और 22 नवंबर को प्रसव होना है। तीन वर्षीय बेटा अभय है। मृतक तीन भाइयों में सबसे बड़ा था। मां देवती देवी और भाइयों रोहित व शोभित का रो-रोकर बुरा हाल है। कोतवाली प्रभारी चंद्रकांत मिश्रा ने बताया कि तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश कर रही है।

दिनदहाड़े कार से दो बैग पार, चार लाख रुपये गायब रिपोर्ट दर्ज

उन्नाव। शहर में दिनदहाड़े चोरी की वारदातों को अंजाम देने के लिए चोर अब रात के अंधेरे का इंतजार भी नहीं कर रहे। दोपहर के समय दिनदहाड़े एक कार से दो बैग गायब कर दिए गए। बैग में चार लाख रुपये नकद और स्कूल के जरूरी दस्तावेज थे। प्रमुख चौराहों से गुजरने वाले रास्ते पर हुई इस वारदात ने पुलिस की निगरानी व्यवस्था पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। बताते चलें कि डीह निवासी प्रशांत द्विवेदी मंगलवार सुबह अपनी कार (यूपी 35 बीवाई 6055) से निकले थे। गांधी नगर तिराहा, छोटा चौराहा और बड़ा चौराहा होते हुए लौटते समय कलेक्ट्रेट गंज फाटक के पास उन्हें कार का अगला बायां पहिया पंचर होने का पता चला। वह टायर बदलने के लिए गांधी नगर तिराहे पर रुके, लेकिन कार में स्टेपनी खोलने वाला पाना नहीं मिला। इसके बाद वह सरकारी



अस्पताल के बगल में स्थित पंचर की दुकान पर पहुंचे। टायर ठीक कराने की तैयारी के दौरान पिछली सीट पर रखे दोनों बैग गायब मिले। एक बैग में स्कूल के कागजात के साथ लाल रंग के झोले में चार लाख रुपये रखे थे, जबकि दूसरे बैग में मार्कशीट, प्रमाणपत्र और अन्य जरूरी दस्तावेज थे। आसपास तलाश करने के बाद भी दोनों बैग का पता नहीं चला।

- 40 मिनट के बीच कहां गायब हुए बैग?

प्रशांत ने अपनी तहरीर में घटना का समय सुबह 10रू30 से 11रू30 बजे के बीच बताया है। ऐसे में पुलिस के सामने यह पता लगाने की चुनौती है कि चोरों ने किस स्थान पर और किस तरह वारदात को अंजाम दिया। क्या कार के रास्ते में ही बैग निकाले गए या पंचर की दुकान के आसपास किसी ने मौका देखकर हाथ साफ किया? इन सवालों के जवाब सीसीटीवी फुटेज से मिलने की उम्मीद है। प्रशांत ने दोपहर करीब तीन बजे सदर कोतवाली पहुंचकर अज्ञात चोरों के खिलाफ लिखित शिकायत दी थी। उनकी तहरीर के आधार पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। अब पुलिस कार के गुजरने वाले रास्तों और पंचर की दुकान के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की रिकॉर्डिंग खंगाल रही है, ताकि संदिग्धों की पहचान की जा सके। सदर कोतवाली इंस्पेक्टर सीके मिश्रा ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और जल्द घटना का खुलासा किया जाएगा।

हत्या के प्रयास के दो आरोपित गिरफ्तार



फ तेहपुर चौरासी, उन्नाव। अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत फतेहपुर चौरासी थाना पुलिस ने हत्या के प्रयास के मामले में वांछित दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनकी निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त एक लाठी और आधी ईंट का टुकड़ा बरामद किया है। दोनों आरोपितों को न्यायालय में पेश किया गया।पुलिस के अनुसार, पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा अपराध संख्या 330ध्2026 के तहत बीएनएस की विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई थी। मामले में पपरिया मजरा परशुरामपुर निवासी धीरेन्द्र कुमार उर्फबब्लू (33) और अभय प्रताप सिंह (22) वांछित चल रहे थे। सोमवार दो नवंबर को पुलिस टीम ने दोनों को पपरिया मोड़ स्थित तिराहे से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के मुताबिक, आरोपित धीरेन्द्र कुमार के विरुद्ध वर्ष 2017 और 2018 में भी मारपीट, धमकी समेत अन्य धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक दिनेश सिंह, मुख्य आरक्षी अवधेश सिंह और आरक्षी रामप्रताप शामिल रहे। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफअभियान चलाया जा रहा है।

नौ दिन से जला ट्रांसफार्मर, सिंचाई ठप

बीघापुर, उन्नाव। अचलगंज फीडर के बहुराजमऊ गांव में किसान के निजी नलकूप का विद्युत ट्रांसफार्मर पिछले नौ दिनों से जला पड़ा है। इससे खेतों की सिंचाई पूरी तरह बाधित हो गई है। बिजली आपूर्ति ठप होने से रबी फसलों की बुवाई भी प्रभावित हो रही है। किसान ने विद्युत विभाग के अधिकारियों से ट्रांसफार्मर बदलवाने की मांग की है।गांव निवासी किसान भरत सिंह पुत्र शंकर बख्श सिंह ने बताया कि उनके निजी नलकूप का ट्रांसफार्मर नौ दिन पहले जल गया था। वजह से खेतों तक पानी नहीं पहुंच पा रहा है। समय पर सिंचाई और बुवाई नहीं होने से उन्हें फसल प्रभावित होने की चिंता सता रही है।

हिंदी ओलंपियाड में 35 विद्यार्थियों ने जीते गोल्ड मेडल

शुक्लागंज, उन्नाव। अंबिका प्रसाद मेमोरियल पब्लिक स्कूल में महात्मा गांधी राजभाषा हिंदी प्रचार संस्था की ओर से आयोजित अखिल भारतीय राजभाषा हिंदी ओलंपियाड (सत्र 2026-27) का पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। प्रतियोगिता में कक्षा एक से दस तक के 35 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। सभी विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी प्राप्त कर गोल्ड मेडल और प्रमाण पत्र हासिल किए। समारोह में कक्षा दस की छात्रा तनिष्का सविता को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए विशेष रूप से प्रतिष्ठित श्महात्मा गांधी राजभाषा हिंदी गौरव पुरस्कारश् से सम्मानित किया गया। इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार ने खुशी जताई। विद्यालय के प्रबंधक अजय त्रिवेदी और प्रधानाचार्या डॉ. अंकिता सोनी ने सभी विजेता विद्यार्थियों को बधाई



दी। उन्होंने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों में हिंदी भाषा के प्रति रुचि बढ़ाने के साथ आत्मविश्वास विकसित करती हैं। उन्होंने बच्चों को भविष्य में भी ऐसी प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने के लिए प्रेरित किया। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि से विद्यालय में उत्साह का माहौल रहा।

छेड़खानी का विरोध करने पर युवती से मारपीट, तीन पर केस

पाटन, उन्नाव। बिहार थाना क्षेत्र के पकरा बुजुर्ग गांव में छेड़खानी का विरोध करने पर युवती के साथ मारपीट और शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने तीन आरोपितों के खिलाफमुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आरोपितों पर युवती के घर पर कब्जे का प्रयास करने का भी आरोप है। पीड़िता ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि गांव के ही सूरज कुमार पुत्र हरिश्चंद्र, बहादुर पुत्र धुन्नू और अर्जुन ने उसके साथ छेड़खानी की। विरोध करने पर तीनों ने गाली-गलौज करते हुए लात-घूंसों से मारपीट की। आरोप है कि इसके बाद आरोपितों ने उसके घर पर कब्जा करने का प्रयास किया। घटना की शिकायत करने पर उसे जान से मारने की धमकी भी दी गई। पीड़िता की शिकायत पर बिहार थाना पुलिस ने छेड़खानी समेत अन्य सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। थाना प्रभारी राहुल सिंह गौर ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच की जा रही है।

चौंपियन और दो में रनर-अप ट्रॉफी पर कब्जा



पलिया कलां-खीरी। एक माह में तीन टूर्नामेंट, एक में चौंपियन और दो में रनर-अप ट्रॉफी पर कब्जा ,महाराष्ट्र से लखनऊ तक विजय का परचम, शानदार प्रदर्शन से लगातार लिख रही है सफलता की नई इबारत। क्रिकेट के मैदान पर प्रतिभा, परिश्रम, अनुशासन और टीम भावना का अद्भुत संगम जब देखने को मिलता है, तो सफलता स्वयं खिलाड़ियों के कदम चूमती है। नेशनल चौंपियन कुमार विशेष एवं उनकी टीम ने अपनी शानदार खेल यात्रा से इस कहावत को चरितार्थ कर दिखाया है। महज एक माह के भीतर राष्ट्रीय स्तर सहित लगातार तीन क्रिकेट टूर्नामेंटों में प्रतिभाग करना और तीनों प्रतियोगिताओं के फाइनल तक पहुंचकर एक में चौंपियन तथा अन्य दो में रनर-अप ट्रॉफी हासिल करना टीम की असाधारण उपलब्धि है।

टीम की यह गौरवशाली यात्रा महाराष्ट्र में आयोजित राष्ट्रीय क्रिकेट टूर्नामेंट से प्रारंभ हुई, जहां कुमार विशेष एवं उनकी टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय चौंपियन बनने का गौरव हासिल किया। इसके पश्चात लखनऊ में आयोजित दो अन्य प्रतिष्ठित क्रिकेट टूर्नामेंटों में भी टीम ने अपनी प्रतिभा, खेल कौशल और आत्मविश्वास का शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल तक का सफर तय किया। हालांकि दोनों फाइनल मुकाबलों में टीम को उपविजेता रहकर रनर-अप ट्रॉफी से संतोष करना पड़ा, लेकिन लगातार तीन प्रतियोगिताओं के फाइनल तक पहुंचना अपने आप में बड़ी उपलब्धि है। हाल ही में एस0ए0आर0 स्पोर्ट्स ग्राउंड, लखनऊ में आयोजित लेट के0एन0 सिंह मेमोरियल इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में टीम ने रनर-अप ट्रॉफी प्राप्त कर अपनी उपलब्धियों में एक और गौरवपूर्ण अध्याय जोड़ दिया। राष्ट्रीय स्तर पर चौंपियन बनने के बाद लगातार दो अन्य टूर्नामेंटों के फाइनल में पहुंचना टीम की निरंतरता, मजबूत खेल भावना और प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता को दर्शाता है।एक माह के भीतर तीन टूर्नामेंटों में भाग लेकर तीनों के फाइनल तक पहुंचना किसी भी टीम के लिए उल्लेखनीय उपलब्धि है। इसके पीछे खिलाड़ियों की नियमित मेहनत, अभ्यास, रणनीतिक तैयारी, आपसी तालमेल और प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

सर्विलांस की मदद से हैदराबाद पुलिस को मिली सफलता



गोला गोकर्णनाथ खीरी। थाना हैदराबाद पुलिस ने नकबजनी की घटना का खुलासा करते हुवे दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से चोरी किया गया लाखों रुपये का जेवरात, नकदी व मोबाइल बरामद किया है। बताया गया कि 31 अक्टूबर की रात ग्राम देउवापुर निवासी विजय पाल के घर में नकबजनी की घटना हुई थी। पीड़ित की तहरीर पर थाना हैदराबाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। अपर पुलिस अधीक्षक (पश्चिमी) के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी गोला के मार्गदर्शन में प्रभारी निरीक्षक महेश पाठक के नेतृत्व में पुलिस टीम ने सर्विलांस सेल की मदद से घटना का खुलासा किया। पुलिस टीम ने मंगलवार को अभियुक्त शानू सिंह पुत्र जितेन्द्र सिंह निवासी ग्राम सबलपुर थाना पूरनपुर जनपद पीलीभीत व गूदम देवी पत्नी जबाहर निवासी ग्राम देउवापुर थाना हैदराबाद को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्तों के पास से एक झुमकी पीली धातु, एक पैन्डल पीली धातु (माला), दो ओम लाकेट पीली धातु (माला), एक जोड़ी छोटे कंगन सफेद धातु, एक करधनी सफेद धातु, एक जोड़ी मोटी पायल सफेद धातु, दो जोड़ी छोटी पायल सफेद धातु, 700 रुपये नकद व एक एंड्राइड मोबाइल बरामद हुआ है।पुलिस ने दोनों अभियुक्तों के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया। गिरफ्तार करने वाली टीम में उप निरीक्षक संदीप यादव, उदयवीर यादव, व आरक्षी राजू वर्मा व महिला आरक्षी आरती शामिल रहीं।

एक नजर में

कचहरी गेट पर होमगार्ड और युवक में मारपीट, ईंट लगने से लिपिक घायल

उन्नाव। सदर कोतवाली क्षेत्र स्थित कचहरी परिसर के गेट नंबर तीन पर मंगलवार को यातायात ड्यूटी में तैनात होमगार्ड और एक युवक के बीच विवाद के बाद मारपीट हो गई। कहासुनी से शुरू हुआ विवाद देखते ही देखते हाथापाई में बदल गया। घटना के दौरान युवक की ओर से फेंकी गई ईंट लगने से अधिवक्ता का लिपिक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना से मौके पर अफरा-तफरी मच गई।प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, किसी बात को लेकर होमगार्ड और युवक के बीच कहासुनी हुई थी। इसके बाद दोनों के बीच मारपीट शुरू हो गई। आरोप है कि होमगार्ड की पिटाई से युवक घायल हो गया। इससे गुस्साए युवक ने पास पड़ी ईंट उठाकर होमगार्ड पर हमला करने का प्रयास किया, लेकिन ईंट होमगार्ड को लगने के बजाय पास खड़े अधिवक्ता के लिपिक के सिर में जा लगी। इससे उसका सिर फट गया और वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। कचहरी जैसे संवेदनशील परिसर के मुख्य गेट पर हुई घटना से काफी देर तक हड़कंप मचा रहा। मारपीट का वीडियो सामने आने के बाद मामला चर्चा में है। पुलिस पूरे घटनाक्रम की जांच कर रही है।

बिजली के खंभे से टकराई बाइक, युवक की मौत

उन्नाव। मौरावां थाना क्षेत्र में सोमवार को तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर बिजली के खंभे से टकरा गई। हादसे में 21 वर्षीय युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका साथी भी हादसे में घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। दो बहनों के इकलौते भाई की मौत से परिवार में कोहराम मच गया।डौतपुर अकोहरी गांव निवासी अंकित (21) पुत्र स्व. रामनरेश अपने साथी रामू पुत्र प्रताप लोधी के साथ बाइक से मवइया गया था। सोमवार को दोनों वहां से गांव लौट रहे थे। मवइया रोड पर अकोहरी चौराहे के पास तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे बिजली के खंभे से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि अंकित ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। हादसे की जानकारी मिलते ही पुलिस और परिजन घटनास्थल पर पहुंच गए। अंकित के पिता की करीब 22 वर्ष पहले मौत हो गई थी। मां की दूसरी शादी के बाद वह अपनी बहनों सीमा और शिवानी के साथ चाचा के यहां रहता था। भाई का शव देखकर दोनों बहनें बिलख पड़ीं। गांव में भी शोक का माहौल है।

आमलेट बनाने से मना करने पर वृद्ध को मारी गोली

सफीपुर, उन्नाव। कस्बे में सोमवार देर रात दुकान बंद होने के बाद आमलेट बनाने से इनकार करना एक वृद्ध को भारी पड़ गया। दो अंडों का आमलेट बनाने की जिद कर रहे बाइक सवार युवक ने तमंचे से गोली मार दी। गोली वृद्ध के सीने में दाहिनी ओर लगी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। वारदात के बाद आरोपी बांगरमऊ की ओर फरार हो गया। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर उसकी तलाश कर रही है।सराय सूबेदार मोहल्ला निवासी रामबाबू (60) उन्नाव-हरदोई मार्ग किनारे अपने घर के बाहर अंडे का आमलेट बेचते हैं। सोमवार रात करीब 9रू45 बजे वह दुकान बंद कर चुके थे। इसी दौरान बाइक सवार युवक पहुंचा और दो अंडों का आमलेट बनाने को कहा। दुकान बंद होने की बात कहने पर आरोपी ने तमंचा निकालकर फायर कर दिया। गोली की आवाज सुनकर परिजन पहुंचे, लेकिन आरोपी भाग निकला। घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुत्र अनूप ने अज्ञात के खिलाफतहरीर दी है। मंगलवार को एसओजी और पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर सीसीटीवी फुटेज खंगाली। थानाध्यक्ष संदीप मिश्रा ने बताया कि आरोपी की पहचान और गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।

तहसील में निजी कर्मचारियों की सक्रियता पर उठे सवाल

पाटन, उन्नाव। तहसील बीघापुर मुख्यालय पाटन में निजी कर्मचारियों की कथित सक्रियता और सरकारी कार्यों में हस्तक्षेप को लेकर सवाल उठने लगे हैं। तहसील में राजस्व सहित अन्य मामलों के निस्तारण के लिए पहुंच रहे फरियादियों ने कार्यप्रणाली पर असंतोष जताते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की है।

फरियादियों का आरोप है कि मुकदमों के निस्तारण में कथित आर्थिक लेनदेन का प्रभाव दिखाई देता है। सुविधा शुल्क नहीं देने वाले लोगों को बार-बार तारीख देकर कार्यालयों के चक्कर लगवाए जाते हैं, जबकि रकम देने वाले पक्षों के मामलों में तेजी दिखाई जाती है। हालांकि, इन आरोपों की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हुई है। लोगों ने सवाल उठाया कि सरकारी कार्यालय में निजी कर्मचारियों की सक्रियता किस आधार पर है और उन्हें सरकारी कार्यों में हस्तक्षेप का अधिकार किसने दिया है। फरियादियों ने जिला प्रशासन से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने, निजी कर्मचारियों की भूमिका स्पष्ट करने और आरोप सही पाए जाने पर जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। साथ ही मुकदमों के निस्तारण की प्रक्रिया पारदर्शी बनाने की अपील की है।

ट्रैक्टर-ट्रॉली ने जीआईसी क्लर्क को रौंदा, मौत

शुक्लागंज, उन्नाव। गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के फोरलेन पर आजाद नगर के सामने मंगलवार को तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रैक्टर-ट्रॉली ने बाइक सवार जीआईसी क्लर्क को रौंद दिया। हादसे में उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के परिवार में पत्नी और दो छोटे बच्चों के रोने-बिलखने से माहौल गमगीन हो गया।

गायत्री नगर, भातू फार्म निवासी प्रवीण मिश्रा (35) पुत्र अरुण कुमार मिश्रा राजकीय इंटर कॉलेज हड़हा, अचलगंज में क्लर्क था। मंगलवार को वह परिवार के साथ बीघापुर में आयोजित शिव महापुराण कथा सुनने जाने की तैयारी कर रहा था। घर से निकलने पर कार स्टार्ट नहीं हुई तो वह मैकेनिक बुलाने की बात कहकर बाइक से चला गया। करीब 11 बजे आजाद नगर के सामने उसकी बाइक फिसल गई और वह सड़क पर गिर पड़ा। तभी पीछे से आ रही सीमेंट-मौरंग लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली उसे रौंदते हुए निकल गई। हादसे के बाद मौके पर भीड़ जुटने से जाम लग गया। मृतक की पत्नी प्रिया तकिया, पाटन में लेखपाल हैं और मातृत्व अवकाश पर हैं। उनके चार वर्षीय बेटे अधर और चार माह की बेटी है। घटना से परिजनों में कोहराम मचा है।

शिक्षकों के समायोजन पर आपत्ति, एक सप्ताह में मांगी जांच रिपोर्ट

उन्नाव। जिले में शिक्षकों के समायोजन को लेकर विवाद बढ़ गया है। समायोजन आदेश निरस्त कराने की मांग को लेकर शिक्षकों की ओर से जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी समेत अन्य अधिकारियों को दिए गए प्रार्थना पत्रों की जांच के लिए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने तीन सदस्यीय समिति गठित की है। समिति को एक सप्ताह के भीतर जांच रिपोर्ट सौंपने के निर्देश दिए गए हैं।

मामला विशेष अपील संख्या 398/2026, सौरभ कुमार सिंह व छह अन्य बनाम उत्तर प्रदेश राज्य व अन्य में हाईकोर्ट के तीन सितंबर 2026 के आदेश से जुड़ा है। इसके अनुपालन में बेसिक शिक्षा परिषद के सचिव ने सात सितंबर को निर्देश जारी किए थे। इसके तहत आपत्ति नहीं देने वाले शिक्षकों को उनके ही विकासखंड में रिक्त बंद एवं एकल विद्यालयों में पुनर्नियोजित किया गया था। इसके बाद 13 अक्टूबर को समायोजन आदेश जारी हुए। कुछ शिक्षकों ने आवंटित विद्यालयों में कार्यभार ग्रहण करने के बजाय आदेश निरस्त करने की मांग की। बीएसए शैलेश कुमार पांडेय ने खंड शिक्षा अधिकारियों की तीन सदस्यीय समिति बनाई है। समिति में फतेहपुर चौरासी, सिकंदर कर्ण और हसनगंज के खंड शिक्षा अधिकारी शामिल हैं। समिति को न्यायालय और विभागीय आदेशों के आधार पर प्रकरण की जांच कर स्पष्ट आख्या एक सप्ताह में देने को कहा गया है।

आरक्षित वन भूमि पर अवैध खनन, चार लोगों पर मुकदमा

असोहा, उन्नाव। थाना क्षेत्र के कांथा गांव के मजरे तेजीखेड़ा में आरक्षित वन भूमि पर अवैध खनन का मामला सामने आया है। मुखबिर की सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम को मौके पर खनन होता मिला। टीम को देखते ही खनन में लगे लोग जेसीबी, डंपर और चारपहिया वाहन लेकर फरार हो गए। वन विभाग की बीट प्रभारी की तहरीर पर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

वन रक्षक मोहिनी तिवारी के अनुसार, बीते रविवार देर रात वन विभाग की जमीन पर अवैध रूप से मिट्टी का खनन कराया जा रहा था। मौके पर जानकारी करने पर बहरिया निवासी पवन कुमार और सोहरामऊ थाना क्षेत्र के हसनापुर निवासी जितेंद्र कुमार के खनन कराने की बात सामने आई। आरोप है कि खनन की मिट्टी डंपरों से लखनऊ के मोती नगर निवासी अनमोल इंटरप्राइजेज के संजीव कुमार और कृष्णानगर निवासी आदित्य कुमार के भल्लाफार्म, कुसेहरी स्थित प्लॉटों पर पहुंचाई जा रही थी। थानाध्यक्ष फूल सिंह ने बताया कि बीट प्रभारी मोहिनी तिवारी की तहरीर पर चारों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।